अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

सकारण आदेश

संवेदक निर्भय कुमार सिंह, (निबंधन सं0–4180065), पता–मुहल्ला–निमारंग, पोस्ट–जमुई, जिला–जमुई (बिहार) पिन नं0–811307 को **कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा** के अधीन योजनाशीर्ष **MMGSY (Gen)** अन्तर्गत **रसलपुर मोड़ से रसलपुर पथ** तक पथ का निर्माण कार्य आवंटित था, जिसका एकरारनामा सं0–29SBD/2018-19 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–01.10.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–31.07.2019 थी।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा द्वारा पत्रांक–973 दिनांक–08.06.2022, पत्रांक–1592 दिनांक–24.09.2022 एवं पत्रांक–2186 दिनांक–01.11.2023 के साथ–साथ अनेकों बार मौखिक एवं दूरभाष पर कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया, परन्तु संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूची नहीं ली गयी। इस प्रकार संवेदक द्वारा एकरारनामा के शर्तो का उल्लंघन किया गया। उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा के पत्रांक–2332 अनु0 दिनांक–13.11.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मुंगेर के पत्रांक–1309 अनु0 दिनांक–17.11.2023 एवं मुख्य अभियंता–2, सम्प्रति मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, भागलपुर के पत्रांक–3952 अनु0 दिनांक–28.11.2023 द्वारा उक्त संवेदक के निबंधन संख्या–4180065 को कालीसूची में डालने हेतु अनुशंसा की गई।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–6594 दिनांक–29.12.2023 द्वारा पन्द्रह दिनों के अंदर कालीकरण के पूर्व संबंधित संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–2484 दिनांक–23.07.2024 द्वारा स्मारित किया गया, फिर भी उक्त संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। फिर विभागीय पत्रांक–3189 दिनांक–07.10.2024 द्वारा संवेदक को अपना पक्ष रखने हेतु अंतिम रूप से स्मारित किया गया, किन्तु संवेदक द्वारा अपना पक्ष उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट है कि संवेदक को इस बारे में कुछ भी नहीं कहना है।

अतः विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **निर्भय कुमार सिंह,** पता–मुहल्ला–निमारंग, पोस्ट–जमुई, जिला–जमुई (बिहार) पिन नं0–811307 के **निबंधन सं0–4180065** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

21/11/24

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची–10–79/2023-3534 /पटना, दिनांक–26/11/24

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/11/24

अभियंता प्रमुख

SP

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—79/2023-3534/पटना, दिनांक—26/11/24
प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2-11-24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—79/2023-3534/पटना, दिनांक—26/11/24
प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2-11-24

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—79/2023-3534/पटना, दिनांक—26/11/2
प्रतिलिपिः—**संवेदक निर्भय कुमार सिंह, (निबंधन सं0—4180065)**, पता—मुहल्ला—निमारंग, पोस्ट—जमुई, जिला—जमुई (बिहार) पिन नं0—811307 को सूचनार्थ प्रेषित।

2-11-24

अभियंता प्रमुख

SP